दिनांक 13.07.2021
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

डेंगू मुक्त भिलाई के लक्ष्य की कार्ययोजना पर हो रहा है कार्य
-डेंगू उन्मूलन एवं नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करने निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी ने ली बैठक

भिलाईनगर / भिलाई निगम क्षेत्र में डेंगू मुक्त शहर के लिए अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही बरसाती मौसम में किसी प्रकार का संक्रमण न फैले इसके लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग मैदानी स्तर पर हर संभव कार्य करने में जुटा हुआ है। कर्मचारी गली-मोहल्लों में घर घर जाकर कूलर, पानी, टंकी व अन्य पात्र जिसमें पानी भरा है, उसकी जांच कर आवश्यकता अनुसार खाली करा रहे है, ताकि मच्छर के लार्वा को पनपने का अवसर न मिले। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने डेंगू रोकथाम अभियान को गंभीरता से लेकर कार्य करने कर्मचारियों को टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए है। वार्डो में चल रहे कार्यो को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने जोन स्वास्थ्य अधिकारियों और सुपरवाईजरों के साथ समीक्षा बैठक लिए और टेमिफाॅस वितरण, मैलाथियान का छिड़काव सहित सफाई व्यवस्था को दूरूस्त करने के निर्देश दिए।

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में मच्छर के लार्वा को पूर्णतः समाप्त करने निगम का अमला युद्धस्तर पर वार्डो के भीतर कार्य कर रहा है। जोन कार्यालयों की टीम द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा के लिए निगम सभागार में बैठक में आयोजित की गई जहां स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा और सहायक स्वा. अधिकारी जावेद अली ने सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी और सुपरवाईजरों से डेंगू नियंत्रण अभियान के कार्यो का फीडबैक लेते हुए हर वार्ड में योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बरसाती सीजन में जलजमाव के कारण मच्छर लार्वा पनपने का अवसर मिलता है इसे प्राथमिक स्तर पर रोकथाम किया जा सके इसके लिए नागरिकों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने , घर के आस पास सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग के लिए प्रेरित करने कहा गया। बैठक में जोनवार अधिकारियों ने अपने अपने वार्ड में टीम बनाकर किए जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए बताये कि स्वास्थ्य विभाग का अमला घरों में जाकर सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दे रही है। कुआं, नलकूप व बोरिंग के आस पास पानी जमाव वाले स्थानों की सफाई कराकर चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी ने हर घर टेमिफास वितरण और रिफिलिंग कार्य को सतत बनाए रखते हुए पंजी संधारण करने कहा साथ ही बारिश के पानी से जलजमाव वाले स्थलों से कच्चा रास्ता बनाकर पानी निकासी करने और मैलाथियान का छिड़काव करने के निर्देश दिए।

प्रतिदिन हो रहा है फाॅगिंग –

भिलाई निगम क्षेत्र के नागरिकों को मच्छर के काटने से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए प्रतिदिन सुबह और शाम दो पालियों में फाॅगिंग किया जा रहा है। बैठक में जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि हर वार्ड में फाॅगिंग कार्य का निरंतर जारी रहे। शाम के समय व्हीकल माउंटेन और सकरी गलियों में हैण्ड मशीन से धुआं छोड़कर फाॅगिंग कराया जा रहा है। लोगों को डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए लाउडस्पीकर से मुनादी तथा पाम्प्लेटस का वितरण घर-घर किया जा रहा है। बैठक में पुराने सामान का कबाड़ डंप करने वाले और टायर दुकानों में जलजमाव की जांच करने और लापरवाही पाए जाने पर दंडात्मक कार्यवाही करने निर्देश दिए।

जनसम्पर्क अधिकारी